# जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांक : 1977 दिनांक : 22.6.17

प्रति,

प्राचार्य,
जीविवि से संबंद्ध समस्त महाविद्यालय,

विषयः लंबित परीक्षा परिणाम घोषित करने बावत्।

महोदय/महोदया,

प्राय यह दृष्टिगत होता है कि, आपके महाविद्यालय से विभिन्न परीक्षाओं में सम्मिलित होने वाले छात्र/छात्राओं के परीक्षा आवेदन पत्र में अपूर्ण एवं त्रुटिपूर्ण प्रविष्टि कर दी जाती है जिसके कारण घोषित परीक्षा परिणाम में बार-बार संशोधन करना पड़ता है। पूर्ण रूप से त्रुटिहीन तरीके से परीक्षा आवेदन-पत्र प्रेषित करना आपका दायित्व है और इसके लिये आपको विधिवत् मानदेय का भी भुगतान किया जाता है। इसलिये आपसे यह अपेक्षा है कि परीक्षा आवेदन पत्र में छात्र/छात्रा का नाम, पिता का नाम, माता का नाम, महाविद्यालय का नाम, कक्षा, सत्र, विषय, नामांकन एवं पूर्व वर्ष/सेमेस्टर के प्राप्तांकों संबंधी ~~प्रविष्ट~~ प्रविष्टि अंकित करावे तथा यह सुनिश्चित कर ले कि कोई प्रविष्टि अपूर्ण न हो।

भविष्य में अपूर्ण परीक्षा आवेदन पत्र प्राप्त होने पर छात्र का परीक्षा परिणाम निरस्त घोषित करते हुये उसे परीक्षा से वंचित कर दिया जावेगा जिसके लिये आप व्यक्तिशः उत्तरदायी होगें।

आदेशानुसार
कुलसचिव

प्रतिलिपि,

1) माननीय प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, म0प्र0 शासन, वल्लभ भवन, भोपाल की ओर इस निवेदन के साथ कि उ0शि0वि0 की ओर से उचित निर्देश जारी करने का कष्ट करें।
2) आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग, म0प्र0 शासन, सतपुड़ा भवन, भोपाल।
3) अतिरिक्त संचालक, ग्वालियर चम्बल संभाग, क्षेत्रिय कार्यालय, उच्च शिक्षा विभाग, म0प्र0 शासन।
4) कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
5) कुलसचिव के निजी सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।

उप-कुलसचिव(परीक्षा)